दुनिया चले न श्री राम के बिना | Jai Shankar Chaudhary

दुनिया चले ना श्री राम के बिना
राम जी चले ना हनुमान के बिना
राम जी चले ना हनुमान के बिना
राम जी चले ना हनुमान के बिना
दुनिया चले ना श्री राम के बिना
राम जी चले ना हनुमान के बिना

जबसे रामायण पढ़ ली है
एक बात मैंने समझ ली है
रावण मरे ना श्री राम के बिना
लंका जले ना हनुमान के बिना
दुनिया चले ना ,,,,,,,,,,,,

लक्ष्मण का बचना मुश्किल था
कौन बूटी लाने के काबिल था
लक्ष्मण बचे ना श्री राम के बिना
बूटी मिले ना हनुमान के बिना
दुनिया चले ना ,,,,,,,,,,,,

सीता हरण की कहानी सुनो
बनवारी मेरी ज़ुबानी सुनो
वापस मिले ना श्री राम के बिना
पता चले ना हनुमान के बिना
दुनिया चले ना ,,,,,,,,,,,,

बैठे सिंघासन पे श्री राम जी
चरणों में बैठे हैं हनुमान जी
मुक्ति मिले ना श्री राम के बिना
भक्ति मिले ना हनुमान के बिना
दुनिया चले ना ,,,,,,,,,,,,

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a8-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf/